Dabang Dunia (Indore), 25th October 2022, Page-02

## 27 अक्टूबर को होगा आईआईटी का ओरिएंटेशन कार्यक्रम

# आईआईटी के ओरिएंटेशन कार्यक्रम में माता-पिता को संबोधित करेंगे निदेशक

इंदौर » दबंग रिपोर्टर

कोरोना महामारी के कारण करीब तीन वर्ष से भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान आईआईटी इंदौर की नियमित कक्षाएं पूरी क्षमता के साथ शुरू नहीं हो पाई थी। लॉकडाउन में पूरी तरह ऑनलाइन शिक्षा से विद्यार्थी पढ़ते रहे अब संक्रमण भी खत्म हो गया है और नए विद्यार्थी भी परिसर में पहुंचने वाले हैं। इसके बाद पहले की तरह परिसर में विद्यार्थियों की चहल-पहल देखने को मिलेगी।

कई विद्यार्थी होस्टलों से अपने घर चले गए थे अब वे भी वापस लौट रहे हैं। 27 अक्टूबर को संस्थान में नए विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित होगा। इस दिन विद्यार्थियों के साथ माता-पिता को भी परिसर में आमंत्रित किया गया है। संस्थान के निदेशक प्रो. सुहास जोशी विद्यार्थियों और माता-पिता को संबोधित करेंगे। नालंदा परिसर में होने जा रहे कार्यक्रम में करीब एक हजार विद्यार्थी और माता-पिता एकत्रित होंगे। दस्तावेजों की प्रक्रिया के साथ ही होस्टल के अलाटमेंट और अन्य प्रक्रिया भी अक्टूबर में पूरी हो जाएगी।




आईआईटी इंदौर के विभिन्न कोर्सेस में करीब दो हजार विद्यार्थी अध्ययन कर रहे हैं। इसमें से ज्यादातर विद्यार्थी परिसर के अंदर बने होस्टलों में रहते हैं। परिसर के अंदर ही शॉपिंग, जिम, मैस, बैंक और सभी तरह की सुविधाएं मौजूद होने के बाद अब माता-पिता भी चाहते हैं कि विद्यार्थी परिसर में रहकर ही पढ़ाई करें।

## आसपास के होटलों में रहने की सुविधा

प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने और ओरिएंटेशन कार्यक्रम में शामिल होने वाले विद्यार्थियों और परिवार के सदस्यों के लिए आईआईटी इंदौर ने सिमरोल स्थित अपने परिसर के आसपास रहने की सुविधा की जानकारी भी साझा की। इसमें आसपास के पास स्थानों की जानकारी गूगल मैप और फोन नंबर और आईआईटी से कौन सी जगह कितनी दूर है इसकी भी जानकारी दी गई है।